उन्हें शायद 20 रन बहुत ज्यादा मिल गए। कई टीमों ने इस टूर्नामेंट में पहले गेंदबाजी की है। टॉस के समय हार या जीत नहीं सोचें।
– मिचेल मार्श

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान, अफगानिस्तान के खिलाफ मिली हार के बाद बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी रोहित शर्मा

भारतीय टीम क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा खिलाड़ियों ने मैदान पर बल्लेबाजी और गेंदबाजी में बेहतरीन खेल दिखाया जैसे कि उनसे उम्मीद थी। बंगलादेश के खिलाफ जीत के बाद रोहित ने कहा, मैं काफी लंबे समय से इस पर अपनी राय रखते आया हूं। हमने आज परिस्थितियों को बहुत बेहतर ढंग से परखा। गेंद और बल्ले दोनों के साथ ही हमारी रणनीति सफल हुई। कुल मिलाकर यह बहुत बढ़िया टीम प्रयास था। हमें मैदान में उतर कर उसी तरह का खेल खेलना है, जो हमसे उम्मीद की जाती है। उन्होंने कहा, हर बल्लेबाज को अपनी भूमिका होती है।

क्या आप जानते हैं ?... अपनी टैस्ट जीवन की पहली श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भारत के सुनील गावस्कर के नाम है। गावस्कर ने 1970-71 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 774 रन बनाए।

पहलवान बजरंग पूनिया फिर हुए सस्पेंड

नई दिल्ली, 23 जून। राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने रविवार को बजरंग पूनिया को दूसरी बार निलंबित कर दिया। इससे तीन सप्ताह पहले एडीडीपी ने इस आधार पर उनका निलंबन रद्द किया था कि नाडा ने पहलवान को आरोपों के

संदर्भ में नोटिस जारी नहीं किया था। नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया को निलंबित कर दिया था चूंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिये मूत्र के नमूने नहीं दिये थे। खेल की विश्व नियामक ईकाई यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भी उन्हें निलंबित किया था। बजरंग ने इस अस्थायी निलंबन के खिलाफ अपील दायर की थी और नाडा के डोपिंग निरोधक अनुशासन पेनल ने नाडा के आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी करने तक इसे रद्द कर दिया था। नाडा ने रविवार को पूनिया को नोटिस जारी किया। नाडा ने पूनिया को भेजे नोटिस में कहा ,'' यह आपके लिये औपचारिक नोटिस है कि आपको राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक नियमों की धारा 2 . 3 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है और अब आप अस्थायी रूप से निलंबित हैं।'' पूनिया को आरोप स्वीकार करने या सुनवाई का अनुरोध करने के लिये 11 जुलाई तक का समय दिया गया है। पूनिया का कहना है कि उन्होंने कभी भी नमूना देने से इनकार नहीं किया लेकिन वह अपनी ईमेल पर नाडा का जवाब चाहते हैं जिसमें उन्होंने यह जानने की मांग की थी कि उन्हें दिसंबर 2023 में नमूना लेने के लिए 'एक्सपायर्ड' किट क्यों भेजी गयी थीं। बजरंग के वकील विधुष्पत सिंघानिया ने 'पीटीआई' को बताया कि वे निलंबन को चुनौती देंगे। सिंघानिया ने कहा, ''हां, हमें जवाब दाखिल करना होगा।

इट वॉज गावस्कर, द रियल मास्टर... वेस्टइंडीज में पुरानी यादों में खोए सुनील गावस्कर

नई दिल्ली, 23 जून। भारतीय क्रिकेट टीम टी20 वर्ल्ड कप के लिए इन दिनों वेस्ट इंडीज की धरती पर है। वेस्ट इंडीज से भारतीय खिलाड़ियों का नाता काफी पुराना है। एक वक्त था जब कैरेबियाई दर्शकों ने सुनील गावस्कर के लिए गाना तक बनाया था। टी20 वर्ल्ड कप के लिए कमेंट्री करने पहुंचे गावस्कर ने इससे जुड़ी यादों को ताजा किया है। गौरतलब है कि टीम इंडिया इन दिनों टी20 वर्ल्ड कप के मिशन में जुटी हुई है। न्यूयॉर्क में परचम फहराने के बाद अब भारतीय टीम कैरेबियन धरती पर जलवा बिखेर रही है।

इंग्लैंड टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में

9.4 ओवर में चेज किया 116 रन का टारगेट, क्रिस जॉर्डन ने हैट्रिक ली

नई दिल्ली, 23 जून। इंग्लैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपने आखिरी सुपर-8 मुकाबले में अमेरिका को 10 विकेट से हराया। इंग्लिश टीम ने 116 रन का टारगेट 9.4 ओवर में ही चेज कर लिया। इस जीत के साथ डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई हो गई। इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी है। ऐसे में ग्रुप-2 आखिरी मैच नॉकआउट हो गया है। इसे जीतने वाली टीम टॉप-4 में पहुंच जाएगी। ब्रिजटाउन में इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर फील्डिंग का फैसला किया। इंग्लिश गेंदबाजों ने कप्तान बटलर के फैसले को सही साबित करते हुए अमेरिकी टीम को 18.5 ओवर में 115 रन पर ऑलआउट कर दिया। फिर कप्तान जोस बटलर और फिल सॉल्ट की ओपनिंग जोड़ी ने 116 रन का टारगेट महज 9.4 ओवर में ही चेज कर लिया।

इंग्लैंड की ओर से क्रिस जॉर्डन ने हैट्रिक ली। उन्होंने 19वें ओवर में कोरी एंडरसन, अली खान, नोशतुश केंजीगे और सौरभ नेत्रवल्कर के विकेट लिए। वे इस वर्ल्ड कप में हैट्रिक लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले पैट कमिंस दो बार यह कारनामा कर चुके हैं। रन चेज में कप्तान जोस बटलर ने 38 बॉल पर 6 चौके और 7 छक्कों के सहारे नाबाद 83 रन बनाए, जबकि फिल सॉल्ट ने 21 बॉल पर दो चौकों की मदद से नाबाद 25 रन बनाए। दोनों के बीच 59 बॉल पर नाबाद 117 रन की ओपनिंग साझेदारी हुई। अमेरिका की ओर से नीतीश कुमार ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। कोरी एंडरसन ने 29 रन की पारी खेली। जॉर्डन के अलावा, आदिल रशीद और सैम करन ने 2-2 विकेट झटके, जबकि रीस टॉप्ली और लियाम लिविंगस्टोन को एक-एक विकेट मिला।

अफगानिस्तान की जीत से बदल गए भारत के ग्रुप के समीकरण, रेस में अब भी चार टीमें

नई दिल्ली, 23 जून। अफगानिस्तान ने आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 21 रनों से हरा दिया। 23 जून को किंग्सटाउन के अर्नोस वेल ग्राउंड में खेले गए मैच में ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 149 रन बनाने थे, लेकिन उसकी पूरी टीम 19.5 ओवर्स में 127 रनों पर ही सिमट गई। अफगानिस्तान की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के चलते सुपर-8 में ग्रुप-1 का समीकरण पूरी तरह बदल गया है। इस ग्रुप से चारों टीमें अब भी सेमीफाइनल की रेस में बनी हुई हैं। हालांकि, दो ही टीमों को इस ग्रुप से सेमी में जाने का मौका मिलेगा। अगर ऑस्ट्रेलिया अफगानिस्तान को हरा देता, तो भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों ही सेमीफाइनल में पहुंच जाते। मगर ऐसा नहीं हो सका। अफगानिस्तान की जीत के चलते बांग्लादेश को भी थोड़ी संजीवनी मिली है। टीम इंडिया के लिए समीकरण काफी सरल है। अगर भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया को हराती है तो वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार से उस पर कोई असर नहीं पड़ेगा। बशर्ते ये बड़े अंतर से न हो। भारत का नेट रनरेट फिलहाल 2.425 है। अगर उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ी हार मिलती है और अफगानिस्तान बांग्लादेश से जीत जाता है तो ही उसके बाहर होने की संभावना बनेगी। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान नेट रनरेट के आधार पर भारत से आगे निकल सकते हैं।

मैं कहता हूं कि... मैच फिक्सिंग के दावों पर पाक के असिस्टेंट कोच ने तोड़ी चुप्पी

नई दिल्ली, 23 जून। बाबर आजम की अगुवाई वाली पाकिस्तान टीम की टी20 वर्ल्ड कप 2024 में दुर्गति हो गई। बाबर ब्रिगेड का शुरुआती स्टेज से ही पत्ता कट गया। लीग चरण से बाहर होने के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ियों की कड़ी आलोचना हो रही है। हाल ही में पाकिस्तान के मशहूर पत्रकार मुबाशिर ने तो बाबर पर मैच फिक्सिंग का आरोप तक लगा दिया था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने अमेरिका जैसी टीम के खिलाफ यूं ही मैच नहीं गंवाया। वहीं, पाकिस्तान के असिस्टेंट कोच अजहर महमूद पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि, अजहर ने आरोपों को लेकर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि बेबुनियाद इल्जाम लगाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे।

अजहर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मैंने सोशल मीडिया और अन्य मीडिया प्लेटफॉर्म पर कुछ झूठे आरोप और कहानियां सुनी हैं। मैं स्पष्ट रूप से कहता हूं कि ये आरोप पूरी तरह से निराधार और झूठे हैं और इन्हें सुनना बेहद परेशान करने वाला है। झूठे आरोप लगाना और लोगों को झूठी कहानी सुनाकर गुमराह करके की यह संस्कृति अब हास्यास्पद और खतरनाक होती जा रही है। बिना सबूत के बोलना और तथ्यों को गलत तरीके से पेश करना एक दण्डनीय अपराध है और इस तरह के व्यवहार में शामिल लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।''

दिल्ली प्रीमियर लीग को मिली मंजूरी

बीबीसी ने डीडीसीए के प्रस्ताव को दिखाई हरी झंडी

नई दिल्ली, 23 जून। दिल्ली में क्रिकेट के दीवाने खुश हैं, दरअसल, बीसीसीआई ने दिल्ली एंव जिला क्रिकेट संघ को दिल्ली प्रीमियर लीग की मेजबानी का प्रस्ताव मान लिया है। ये राजधानी के क्रिकेट परिदृश्य के लिए एक अहम विकास है, जो स्थानीय प्रतिभाओं और रोमांचक मैचों के लिए एक नया मंच प्रदान करता है। वहीं मंजूरी की खबर डीडीसीए के संयुक्त सचिव राजव मनचंदा ने दी, जिन्होंने पुष्टि की है कि बीसीसीआई ने पिछले सप्ताह ये निर्णय लिया था। उन्होंने न्यूज 18 से कहा कि हम बीसीसीआई के आभारी हैं उन्होंने हमें डीपीएल आयोजित करने की मंजूरी दी है। उन्होंने एसोसिएशन की खुशी जाहिर की।

हालांकि, आधिकारिक शुरुआत की तारीख और कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जाना बाकी है, लेकिन डीडीसीए तेजी से बदलाव का लक्ष्य बना रहा है। मनचंदा ने खुलासा किया कि, एक सप्ताह के भीतर, हम डीपीएल को क्रियान्वित करने के लिए निविदाएं आमंत्रित करने जा रहे हैं। उनका लक्ष्य 15 सितंबर, 2024 से पहले टूर्नामेंट को पूरा करना है। आगामी डीपीएल को प्रमुख क्रिकेट आयोजनों की मेजबानी करने में दिल्ली के हालिया अनुभव का लाभ मिलेगा। अरुण जेटली स्टेडियम पिछले एक साल में एक चहल-पहल वाला स्थल रहा है, जिसने कई वनडे वर्ल्ड कप 2023 मैच आईपीएल मुकाबलों को सफलतापूर्वक आयोजन किया है और यहां तक कि 2024 में उद्घाटन महिला प्रीमियर लीग के लिए सह मेजबान के रूप में भी काम किया है। मनचंदा ने आगे कहा कि, हमें ये मंच देने के लिए हम बोर्ड के आभारी हैं।

जोस बटलर ने 130 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, चुन सकते हैं कप्तान

नई दिल्ली, 23 जून। जोस बटलर ने टी-20 वर्ल्ड कप के खेले 6 मैचों में 131.70 की स्ट्राइक से 108 रन बनाए हैं। अब तक खेले 122 टी-20 मैचों में उन्होंने 144.99 की स्ट्राइक रेट से 3158 रन बनाए हैं। वहीं, एक शतक और 23 अर्धशतक जड़ चुके हैं। 2024 के 11 मैचों में उन्होंने 140.78 की स्ट्राइक रेट से 359 रन बनाए हैं। जिसमें 2 शतक भी शामिल हैं।

फिल साल्ट ने टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के टॉप स्कोरर हैं। अब तक खेले 6 मैचों में 177.52 की स्ट्राइक रेट से 158 रन बनाए हैं। वहीं अब तक खेले 29 टी-20 मैचों में 169.13 की स्ट्राइक रेट से 855 रन बनाए हैं। वह 2 शतक और 2 अर्धशतक जड़ चुके हैं। 2024 के 12 मैचों में उन्होंने 182.00 की स्ट्राइक रेट से 435 रन बनाए हैं। जिसमें 4 अर्ध शतक भी शामिल है।

एंड्रीस गौस अमेरिका के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने 5 मैच में 150.71 की स्ट्राइक रेट से 211 रन बनाए हैं। अब तक खेले 11 मैचों में 151.21 की स्ट्राइक रेट से 372 रन बनाए हैं। जॉनी बेयरस्टो ने टी-20 वर्ल्ड कप के खेले 6 मैचों में 139.24 की स्ट्राइक रेट 110 रन बनाए हैं। अब तक खेले 78 टी-20 मैचों में 137.87 की स्ट्राइक रेट से 1671 रन बनाए हैं।

राजधानी

'डॉ. मुखर्जी के 'एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे' नारे को मोदी ने साकार किया'

भाजपा प्रदेश कार्यालय में जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर 'स्मरण अभियान' की शुरुआत की गई

जयपुर, (कासं)। भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने ''स्मरण अभियान'' की शुरुआत की। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने ''एक पेड़ माँ के नाम अभियान'' की भी शुरुआत की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धाजंली अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने अपने जीवन को राष्ट्र के प्रति समर्पित कर दिया था। कश्मीर को लेकर डॉ. मुखर्जी ने नारा दिया था कि एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। इस नारे को 70 साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने 70 मिनट में पूरा करते हुए कश्मीर से धारा 370 और 35 ए हटाने का ऐतिहासिक काम किया। वहीं दूसरी ओर कुछ राष्ट्र विरोधी लोग और पार्टी कश्मीर के मामले को यूएन में ले जाने का काम कर रहे थे, धारा 370 के बिल को संसद में फाड़ने का काम कर रहे थे, ऐसी राष्ट्र विरोधी शक्तियों को कमजोर करने के लिए भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को एकजुट होकर डॉ मुखर्जी के पदचिन्हों पर कार्य करने की आवश्यकता हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि जनसंघ की स्थापना के बाद जब देश में संघ की तीन सीटें आई थी, उस दौर में 1 सीट राजस्थान से चित्तौडगढ़ की भी थी। ऐसे में राजस्थान ने भी उस दौर में जनसंघ का दीया जलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जनसंघ के संस्थापक डॉ. मुखर्जी ने देश में पंडित नेहरू के परमिट व्यवस्था का भी विरोध किया था। इसी विरोध के स्वरूप उन्होंने राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दे दिया, लेकिन उनके बलिदान को जनसंघ के बाद जनता पार्टी एवं फिर भारतीय जनता पार्टी ने समझा और आज कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। भाजपा डॉ मुखर्जी के बलिदान दिवस से लेकर उनकी जयंती तक प्रदेश के सभी शक्ति केंद्रों पर ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत 370 पेड़ लगाएगी। इस अभियान का आगाज भाजपा प्रदेश कार्यालय से किया गया। भाजपा इस अभियान में प्रदेश के सभी सामाजिक और गैर सामाजिक संगठनों से भी वृक्षारोपण करने की अपील करती है।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' की भी शुरुआत की।

भाजपा की प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि डॉ. मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी नेता थे। बहुमुखी प्रतिभा के धनी और शिक्षाविद् डॉ मुखर्जी के जीवन चरित्र को हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए। डॉ मुखर्जी का देश के लिए त्याग, बलिदान आज भी याद किया जाता है। डॉ. मुखर्जी उस दौर में जो विचार लेकर चले थे, उनके विचारों को देश में समझने वाला कोई नहीं था। इसके बावजूद उन्होंने अपने विचारों को आगे बढाया। हमें डॉ मुखर्जी की विचारधारा को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उनकी विद्वता के बारे में चर्चा करनी चाहिए। डॉ मुखर्जी के सपने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा करने का काम किया। कश्मीर में जिन हाथों में पत्थर हुआ करते थे, मोदी ने उन हाथ को रोजगार देकर उस परिवार को आगे बढ़ाने की दिशा में काम किया है। राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाडी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन परिचय पर विस्तृत चर्चा करते हुए कई संस्मरण सुनाए। सांसद तिवाडी ने कहा कि प. बंगाल और कश्मीर आज भारत का अंग है तो उसमें डॉ मुखर्जी का बहुत बड़ा योगदान है। आज भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को डॉ मुखर्जी के पत्रों को जरूर पढ़ना चाहिए। जनसंघ से लेकर भाजपा की यात्रा में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयान उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे महापुरूषों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। आज भी भाजपा इनके योगदान के प्रति कृतज्ञ है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, विधायक कालीचरण सराफ, गोपाल शर्मा, नगर निगम उप महापौर पुनीत कर्णावत, भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।वहीं वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री अजीत मांडण, भूपेंद्र सैनी, ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, भाजपा मीडिया कार्यालय प्रभारी चंपालाल रामावत, प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र कटारा, पैनेलिस्ट सुरेश गर्ग, विकास बारेठ, विक्रम सैनी, प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ के संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत, युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुराधा माहेश्वरी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपनी माताजी के साथ किया वृक्षारोपण



जयपुर, (कासं)। राज्य में रविवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ हुआ।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री आवास पर अपनी माताजी गोमती देवी के साथ बेल का पौधा लगाया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि, पेड़ हमारे परम मित्र हैं और हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक है। वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, मिट्टी के कटाव को रोकते हैं और पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के साथ ही पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखते हैं। उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों से आ ान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में वृक्षारोपण करें तथा पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा रखने में अपना योगदान दें।

पचास लाख का डोडा-पोस्त पकड़ा

जयपुर। राजधानी की चित्रकूट और करणी विहार थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दिया है। शनिवार देर रात को पुलिस ने करीब 50 लाख रुपए कीमत का 1200 किलो डोडा पोस्त से भरा एक कंटेनर जब्त किया है। पुलिस ने डोडा पोस्त की तस्करी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया है। आरोपी बिंदर सिंह को गिरफ्तार करके पूछताछ की जा रही है। वहीं दूसरा आरोपी गुरमीत सिंह मौके से फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। आरोपी चित्तौड़गढ़ से तस्करी करके अवैध डोडा पोस्त हरियाणा लेकर जा रहे थे। एसीपी वैशाली नगर आलोक कुमार गौतम के मुताबिक अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ पुलिस की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात को जयपुर के करणी विहार इलाके में अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त से भरा कंटेनर पकड़ा।

जयपुर में मादक पदार्थों के खिलाफ जागरूकता के लिए मोटरसाइकिल रैली निकाली

जयपुर। राजधानी जयपुर में रविवार को मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूकता के लिए मोटरसाइकिल रैली निकालकर लोगों को जागृत किया गया।मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ 12 से 26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इसके तहत नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जोनल डायरेक्टर घनश्याम सोनी की अध्यक्षता में मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ थे।

जोसफ और सोनी ने विद्याधर नगर केंद्रीय सदन से मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विद्याधर नगर से शुरू होकर खासा कोठी सर्किल, एम आई रोड, अजमेरी गेट होते हुए जे एल एन मार्ग से पत्रिका गेट जवाहर सर्किल पहुंची।